2012

HINDI

(Major)

Paper : 1.2

(Bhaktikalin Kavyadhara)

Full Marks : 80

Time : 3 hours

The figures in the margin indicate full marks for the questions

1. पूर्ण वाक्य में उत्तर दीजिए : 1×10=10

(क) 'सुत-मित-रमनि समाज' को किसके सम माना गया है?

(ख) गंगा के प्रति विद्यापति का कौन-सा अपराध हो गया है?

(ग) 'कबीर परिचयी' किनकी रचना है?

(घ) कबीर के अनुसार प्रेम का अधिकारी कौन होता है?

(ङ) सिंहल की राजकुमारी का नाम क्या है?

(च) सूरदास जी के गुरु का नाम क्या है?

(छ) 'कवितावली' किनकी रचना है?

(ज) कवि ने किसको 'पतितपावन' कहा है?

(झ) परची के अनुसार दादूदयाल का महाप्रस्थान कब हुआ था?

(ञ) रसखान की एक काव्य-कृति का नाम लिखिए।

2. संक्षेप में उत्तर दीजिए : 2×5=10

(क) विद्यापति की लोकप्रियता के दो कारण लिखिए।

(ख) "माधव, हम परिणाम निरासा"—का आशय स्पष्ट कीजिए।

(ग) कबीर ने माया को 'महा ठगिनी' क्यों कहा है?

(घ) 'पुष्टिमार्ग' से आप क्या समझते हैं?

(ङ) दादूदयाल की दो विशेषताएँ लिखिए।

3. किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 5×4=20

(क) विद्यापति ने अर्द्धनारीश्वर रूप का वर्णन किस प्रकार से किया है?

(ख) कबीर की भाषा के बारे में लिखिए।

(ग) वैशाख महीने में नागमती की विरहावस्था कैसी थी?

(घ) 'विनय' के पदों के आधार पर सूरदास के आराध्य देवता का वर्णन कीजिए।

(ङ) "ऐसी मूढ़ता या मन की" का अर्थ स्पष्ट कीजिए।

(च) कृष्णभक्ति काव्य परम्परा में रसखान की क्या भूमिका रही है?

4. सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 10×2=20

(क) हर जनि बिसरब मो ममिता
हम नर अधम परम पतिता।
तुअ सन अधम-उधार न दोसर
हम सन जग नहिं पतिता॥
जम के द्वार जवाब कोन देव
जखन बुझत, निज गुन कर बतिया
जब जम किंकर कोपि पठाएत
तखन के होत धरहरिया॥

अथवा

कबीर गरबु न कीजै देहि देखि सुरंग।
आजु काल्हि तजि जाहुगे ज्यों कांचुरी भुवंग॥

(ख) अविगत गति जानी न परै।
मन-बच-कर्म-अगाध अगोचर, किहि विधि बुधि सँचरै॥
अति प्रचंड पौरुष बल पाएँ, केहरि भूख भरै।
अनायास बिनु उद्यम कीन्हैं अजगर उदर भरै॥

अथवा

विधि न सकेउ सहि मोर दुलारा।
नीचैं बीचु जननी मिस पारा॥
यहउ कहत मोहि आजु न सोभा।
अपनीं समुझि साधु सुचि को भा॥

5. अधोलिखित के उत्तर दीजिए : 10×2=20

(क) विद्यापति की भक्ति-भावना पर प्रकाश डालिए।

अथवा

"पद्मावत में नागमती का विरह अत्यन्त मार्मिक बन पड़ा है।" सोदाहरण पुष्टि कीजिए।

(ख) सूरदास को क्यों 'वात्सल्य सम्राट' कहा जाता है? सतर्क उत्तर दीजिए।

अथवा

मीराबाई की भक्ति-भावना पर विचार कीजिए।

★ ★ ★